## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राजभवन में अमेरिकी महावाणिज्य–दूत कैथी जाइल्स–डियाज़ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने बताया कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य, खनिज संपदा और धार्मिक स्थलों से समृद्ध राज्य है। उन्होंने श्रावणी माह में देवघर और बासुकीनाथ जैसे धार्मिक स्थलों की लोकप्रियता का भी उल्लेख किया।

**********************

देवघर–हंसडीहा सड़क मार्ग पर मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास एक बस और सिलेंडर लदे ट्रक की टक्कर में ड्राइवर के अलावा छह कांवरियों की मौत हो गई। हादसे में 27 लोग घायल हुए, जिनमें आठ को गंभीर हालत में एम्स रेफर किया गया है और कुछ यात्रियों को आइसीयू में भर्ती किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देवघर में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना को दुखद बताया। श्री मोदी ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

**********************

सरायकेला में पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो और डीडीसी भी मौजूद थे।

**********************

पाकुड़ जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत करीब 500 लाभुकों को नव निर्मित मकानों में गृह प्रवेश कराया गया। सदर प्रखंड के रामचंदपुर में उपायुक्त मनीष कुमार और उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने लाभुकों को नए घरों की चाबी सौंपी।

**********************

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे होने पर आज नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन किया गया है। समागम में झारखंड समेत सभी राज्यों के शिक्षा मंत्री शामिल हुए। मौके पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि नयी शिक्षा नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है।

**********************

सिमडेगा जिले में किसानों से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की जा रही है।

**********************

सरायकेला में कल्याण विभाग के लिपिक प्रेम चौधरी का शव उनके अपने गेस्ट हाउस स्थित आवास में फांसी लटकता मिला। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, हालांकि आत्महत्या के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। कुछ महीने पहले उन पर नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 10 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगा था, जिससे वे तनाव में थे।

**********************

राज्य में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज रांची सहित 10 जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं का भी खतरा बताया गया है। जिन जिलों को येलो अलर्ट की श्रेणी में रखा गया हैं,ये जिले हैं– रांची, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, हजारीबाग और कोडरमा।

**********************

राज्य की महिला कबड्डी टीम ने 72वीं सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर राज्य का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 25 से 28 जुलाई 2025 तक चंडीगढ़ में आयोजित हुई, जिसमें हरियाणा की टीम विजेता रही। झारखंड की स्नेहा थापा को महिला वर्ग में 'बेस्ट कैचर' का पुरस्कार मिला। टीम को रांची के जिला खेल पदाधिकारी शिवेंदु सिंह समेत कई खेल पदाधिकारियों और राज्य के भी जिला अध्यक्षों और सचिवों ने बधाई दी।

*********समाप्त**********